हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड।
सत्र– अक्तूबर, 2012

पेपर न. 2 व 4 हिन्दी

समयः 2 घण्टे अंक : 60

नोट :– (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक कोष्ठक में दिये गये हैं।
(3) परीक्षा में कोई भी किताब नहीं ले जाई जा सकेगी।

प्रश्न –1 निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजीये :–

Discipline is necessary in every walk of life. Discipline is the soul of military life. Without discipline an army is not better than a crowd. It is the first thing needed for maintaining the harmony and concord in a family. It is equally necessary in maintaining peace and harmonious relation in society or in a nation. Without discipline we are no better than brutes. If there is no discipline in God's creation, chaotic conditions will prevail and this universe would come to topsyturvydom in no times. "Learn to obey, if you wish to command", thus does to proverbs. There is much truth in this proverb. 'Child is the father of man' so says words worth. Childhood is the past of man's life When it can be easily moulded. If a student forms disciplined habits in his school career, it will have a lasting effect in his future life. (15 अंक)

प्रश्न–2 निम्नलिखित गद्यांस की सरल हिन्दी में व्याख्या करें :–

मानव स्वभाव से ही जिज्ञासु होता है। वास्तव में मानव की प्रगति का इतिहास उसकी जिज्ञासु प्रवृति का ही परिणाम है। अपनी जिज्ञासा के कारण ही वह प्रकृति के गुढ. रहस्यों का पता लगा सका। नया कुछ जान लेने की इच्छा उसे एक ओर समुद्र की अतल गहराईयों तक ले गई तो दूसरी ओर अन्तरिक्ष की असीम उँचाइयों तक। नई–2 वस्तुओं का अविष्कार, ज्ञान. विज्ञान के नये –नये आयामों का अन्वेषण, नित नये – नये सिद्धान्तों का प्रतिपादन, ये सब मनुष्य की जिज्ञासा के कारण ही सम्भव हुआ है। देश विदेश की यात्रा की ललक के पीछे भी मनुष्य की जिज्ञासु प्रवृत्ति ही काम करती है। देश–देशान्तर की संस्कृति, सभ्यता, प्राकृतिक सौन्दर्य, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विशेषताओं के प्रत्यक्ष ज्ञान की जिज्ञासा ही उसे घर के ऐशो आराम, सुख सुविधा छोड.कर अनजान, दुर्गम और बीहड. रास्तों पर घुमाती रही है। यदि मनुष्य चाहता तो घर बैठे ही पुस्तकों ङ्वारा जानकारी प्राप्त कर लेता। परन्तु वास्तविकता यह नहीं है। (15 अंक)

प्रश्न–3 जिलाधीश को पत्र लिखकर अपने गॉव में पशु–औषधालय खोलने के लिये निवेदन करें। (10 अंक)

प्रश्न–4 (i) निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों के अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग करें :–

(क) बाग– बाग होना।
(ख) बाल की खाल निकालना।
(ग) सॉप को दुध पिलाना।
(घ) खग की भाषा खग ही जाने।
(ड.) मान न मान मैं तेरा मेहमान। (5 अंक)

कृ. प. उ.

(ii) निम्नलिखित के लिये एक शब्द लिखें :–

(क) जिसके समान कोई दूसरा न हो।
(ख) जो सब कुछ जानता हो।
(ग) जो दूसरों के दोष निकालता हो।
(घ) जिसको देखा न जा सके।
(ड.) जिससे परिचय न हो। (5 अंक)

(iii) निम्नलिखित में से किन्हीं पॉच शब्दों के अर्थ लिखो :–

(क) **Ambassador.**
(ख) **Analogy**
(ग) **Devaluation.**
(ध) **Investigation.**
(ड.) **Transformation.**
(च) **Nutrition.**
(छ) **Technology.** (5 अंक)

(iv) निम्नलिखित में से किन्हीं पॉच के पर्यायवाची (कम से कम तीन पर्यायवाची शब्द लिखें :–

(क) सूर्य
(ख) पृथ्वी
(ग) गणेश
(ध) आकाश
(ड.) कपड.ा
(च) नदी
(छ) पत्नी (5 अंक)

------------ :------------------------